Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to undertake survey of unserveyed land in the country particularly in Rajmahal Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल)ः मैं सरकार की जानकारी में लाना चाहता हूँ कि 60 साल की आजादी के बाद देश में विशेष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र राजमहल में अभी भी कई लाख एकड़ भूमि Unserveyed है, जिनके भूमि रिकार्ड नहीं है और उनके नक्शे नहीं हैं। इस प्रकार की भूमि का कोई सर्वे नहीं हुआ है। भूमि का रिकार्ड न होने से इन जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं, रिकार्ड के बिना इस प्रकार की जमीन को खरीदा एवं बेचा नहीं जा सकता है। इस प्रकार की भूमि पर सरकारी योजना को लागू नहीं किया जा सकता इससे सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है । जबकि पूरे देश में भूमि के रिकार्ड का कम्प्यूटरईजेशन हो रहा है, दूसरी तरफ लाखों एकड़ भूमि Unserveyed बेकार पड़ी है।

सरकार से अनुरोध है कि Unserveyed भूमि का सर्वे तत्काल करवाया जाये एवं इन जमीनों को अनुसूचित जनजाति के भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाए जिससे आदिवासी क्षेत्र में खेतीबाड़ी हो सके इससे आदिवासी क्षेत्रों के गरीब लोगों को रोजगार का सहारा मिलेगा एवं देश के उत्पादन का काफी सीमा तक बढ़ाया जा सकता है।